स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

# मानगो निगम ने स्वच्छ टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता का परिणाम किया जारी

## सुभद्रा एंटरप्राइजेज़ को मिला प्रथम स्थान

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 • प्रतियोगिता के लिए ईओ ने 4 सदस्यों की समिति का किया गठन, विजेता होंगे पुरस्कृत

## मानगो निगम स्वच्छ प्रतियोगिता करा ले रहा सुझाव कचरा से खाद बनाने में सुभद्रा इंटरप्राइजेज अव्वल

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत मानगो नगर निगम ने मंगलवार को स्वच्छ टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कचरा के दोबारा उपयोग के लिए के लिए रचनात्मक, प्रभावशाली या उपयोगी सुझाव लोगों से आमंत्रित किया है। ईओ दीपक सहाय ने कहा- मानगो के कोई भी निवासी ... लेकर स्वच्छ टेक्नोलॉजी

**स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता के लिए जमा हुए 15 आवेदन**

मानगो नगर निगम में स्वच्छ टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता के तहत 15 लोगों ने आवेदन दिया है। प्रतियोगिता में मापदंडों के अनुसार सुभद्रा इंटरप्राइजेस को प्रथम पुरस्कार दिया। कंपनी में कचरा निस्तारण में कर्मचारी कार्यरत हैं। गीला कचरा से खाद बनाने की मशीन लगाई है व 48 घंटे में कचरा ... फिलहाल पायलट

सेमिनार में कचरा से खाद बनाने, किचन गार्डन या वर्टिकल गार्डन बनाने की दी जानकारी

### जुगसलाई नगर परिषद : गीले कचरे से कंपोस्टिंग की बताई विधि




### जेएनएसी की स्वच्छ प्रतियोगिता के नुक्कड़ नाटक में बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश



जमशेदपुर अधिसूचित ... के बच्चों ने हिस्सा लिया। उत्कल विद्यालय के छात्रों

कचरा से खाद बनाने के लिए रचनात्मक व व्यावहारिक सुझाव गया था मांगा

## मानगो में स्वच्छ टेक्नोलॉजी में सुभद्रा एंटरप्राइजेज अव्वल

- स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 : मानगो निगम ने जारी किया परिणाम

**जमशेदपुर.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर मानगो नगर निगम में आयोजित स्वच्छ टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता में सुभद्रा एंटरप्राइजेज ने प्रथम स्थान हासिल किया. मंगलवार को निगम ने स्वच्छ टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता का परिणाम जारी कर दिया. प्रतियोगिता में 15 प्रतियोगियों ने आवेदन जमा किया था. जिसमें कचरे के पुनः इस्तेमाल के लिए के लिए कोई रचनात्मक सुझाव, सुझाव को व्यावहारिक रूप से क्रियान्वयन के लिए सफल योजना को लेकर प्रस्ताव मांगा गया था. निर्णायक मंडल समिति के सदस्य सह सिटी मैनेजर जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार (सहायक अभियंता )ने सुभद्रा एंटरप्राइजेज को प्रथम पुरस्कार दिया. सुभद्रा एंटरप्राइजेज कई श्रेणियों में कचरा निस्तारण में कार्यरत है. गीले कचरे से खाद बनाने की मशीन जो पूर्ण रूप से स्वचालित है और 48 घंटे में कचरे से कम्पोस्ट बनाने में सक्षम है. फिलहाल पायलट रन में यह आसपास के घरों से कचरा लेकर उससे खाद बनाने का काम कर रही है.

## नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

- स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0, अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के गाइडलाइन के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया था.

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**



जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय में मंगलवार को स्वच्छ प्रतियोगिता की श्रेणी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इसमें उत्कल समाज विद्यालय, ग्रीन कैप्स और यंग उड़ान ने हिस्सा लिया. उत्कल समाज विद्यालय के छात्रों ने शौचालय के उपयोग एवं शरीर की साफ- सफाई का संदेश दिया. वहीं, ग्रीन कैप्स की टीम ने आस-पास की साफ- सफाई और यंग उड़ान की टीम ने डस्टबिन के उपयोग के साथ- साथ शौचालय के उपयोग का संदेश दिया.

इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन दो श्रेणी में किया जायेगा. पहली श्रेणी में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से और दूसरी श्रेणी में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के फेसबुक पेज पर नुक्कड़ नाटक के वीडियो को अपलोड कर वीडियो पर आये लाइक्स के आधार पर किया जायेगा.

विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन से लोगों के बीच जागरूकता बढ़ेगी और जमशेदपुर शहर को भारत के शीर्ष 10 सबसे स्वच्छ शहरों में रैंकिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार